# शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली

## मध्यावधि परीक्षा अभ्यास प्रश्न-पत्र

## सत्र: 2026-27

## कक्षा - ग्यारहवीं

## समाजशास्त्र ( कोड : 039 )

**अवधि : 3 घंटे** **अधिकतम अंक: 80**

**सामान्य निर्देश :**

**1. प्रश्न पत्र को चार खंडों में बांटा गया है।**

**2. कुल 35 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**3. खंड क में प्रश्न संख्या 1-16 है । ये बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं। प्रश्न के अनुसार, एक उत्तर हो सकता है।**

**4. खंड ख में प्रश्न संख्या 17-25 है । ये बहुत ही लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 30 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

**5. खंड ग में प्रश्न संख्या 26-32 है। ये लघु उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।**

**6. खंड घ में प्रश्न संख्या 33- 35 है । ये दीर्घ उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं जिनमें प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 200 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।**

| | खंड क | |
|---|---|---|
| 1 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन “अभिकथन(A)” के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन “कारण (R)” के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : किसी विद्यार्थी को नौकरी के अवसर उसके परिवार की सामाजिक पृष्ठभूमि से भी प्रभावित होते हैं।<br>कारण (R) : अर्थव्यवस्था की ज़रूरतें सरकार की आर्थिक एवं राजनीतिक नीतियों पर निर्भर रहती हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है। | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | (ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | |
| 2 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :<br><br>अभिकथन(A) : समाजशास्त्र में सामाजिक नियंत्रण या स्तरीकरण जैसी संकल्पनाओं को समझने के लिए विस्तृत सामाजिक संदर्भ (बृहत संरचनाओं) का अध्ययन आवश्यक होता है।<br>कारण (R) : प्रस्थिति और भूमिका जैसी संकल्पनाएँ सीधे तौर पर सूक्ष्म अंतःक्रियाओं और व्यक्ति के साथ आरंभ होती हैं।<br>(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।<br>(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।<br>(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।<br>(घ) A असत्य है और R सत्य है। | 1 |
| 3 | निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :<br><br>I. समाजशास्त्र समाज का अध्ययन करता है।<br>II. मानव व्यवहार इसकी विषय-वस्तु है।<br>III. समाजशास्त्र केवल मूल्यों का अध्ययन करता है।<br>IV. समाजशास्त्री जानकारियाँ एकत्र करते हैं।<br>सही विकल्प का चयन कीजिए :<br>(क) I, II और IV<br>(ख) I और III<br>(ग) II और III<br>(घ) I, II, III और IV | 1 |
| 4 | निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें : | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **अभिकथन(A) : सामाजिक संस्थाएँ सामाजिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए विद्यमान होती हैं।**<br>**कारण (R) : परिवार और धर्म औपचारिक सामाजिक संस्थाओं के उदाहरण हैं, जबकि कानून और शिक्षा अनौपचारिक सामाजिक संस्थाओं के उदाहरण हैं।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | |
| **5** | **सामाजिक समूह एवं समाज के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?**<br>**(क) समाजशास्त्र मानव के सामाजिक जीवन का अध्ययन है।**<br>**(ख) मनुष्य परस्पर अंतःक्रिया करता है, संवाद करता है और सामाजिक सामूहिकता को बनाता है।**<br>**(ग) मानवीय समूह और सामूहिकताएँ केवल आधुनिक और यूरोपियन समाजों में ही पाई जाती हैं।**<br>**(घ) विभिन्न समाजों में समूहों और सामूहिकताओं के प्रकार अलग-अलग होते हैं।** | **1** |
| **6** | **अर्ध समूह (Quasi groups) एक पूर्ण रूप से संगठित सामाजिक समूह में बदल सकते हैं क्योंकि–**<br>**क) उनमें शुरुआत से ही एक स्थायी कठोर संरचना और सख्त संगठन होता है।**<br>**ख) विशेष परिस्थितियों और समय के साथ, इसके सदस्य एक सामूहिक निकाय के रूप में संगठित हो सकते हैं।**<br>**ग) इसके सदस्य समूह के अस्तित्व और दीर्घकालिक लक्ष्यों के प्रति हमेशा अत्यधिक जागरूक होते हैं।**<br>**घ) ये ऐसे अलग-थलग समुच्चय हैं जो कभी भी सामाजिक या राजनीतिक जीवन के साथ अंतःक्रिया नहीं करते।** | **1** |
| **7** | **समाजशास्त्र स्वयं को विज्ञान की तरह समझता है क्योंकि–**<br>**(क) यह ऐसे प्रेक्षणों पर आधारित है जिनकी जाँच की जा सकती है।**<br>**(ख) यह जादुई विश्वासों पर आधारित है।**<br>**(ग) यह दार्शनिक अटकलों पर आधारित है।**<br>**(घ) यह सामान्य बौद्धिक धारणाओं को स्वीकार करता है।** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) : मनुष्य सामाजिक अंतःक्रिया के माध्यम से चिह्नों तथा संकेतों के अर्थ ग्रहण करना सीखता है।**<br>**कारण (R) : हमें अधिकांश ज्ञान की जानकारी व्यवस्थित ढंग से मौखिक रूप से या किताबों के माध्यम से प्राप्त होती है।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | 1 |
| 9 | **परिवार, विवाह और नातेदारी सभी समाजों में महत्त्वपूर्ण सामाजिक संस्थाएँ मानी जाती हैं क्योंकि–**<br>**(क) सभी समाजों में परिवार एक समान स्वरूप का होता है।**<br>**(ख) परिवार, विवाह और नातेदारी केवल आधुनिक समाजों में पाए जाते हैं।**<br>**(ग) भिन्न-भिन्न स्वरूप होते हुए भी परिवार, विवाह और नातेदारी संस्थाएँ सभी समाजों में महत्त्वपूर्ण हैं।**<br>**(घ) परिवार ही एकमात्र सामाजिक संस्था है जो सभी समाजों में पाई जाती है।** | 1 |
| 10 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) : समाजशास्त्रीय व्याख्या के अनुसार समकालीन गरीबी का कारण वर्ग समाज में असमानता की संरचना है।**<br>**कारण (R) : जिन लोगों के कार्य की अनियमितता दीर्घकालिक एवं मज़दूरी कम है, वे इससे अधिक प्रभावित होते हैं।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | 1 |

| | | |
|---|---|---|
| | **दिए गए गद्यांश को पढ़ें**<br>**विवाह के अनेक रूप हैं। इन रूपों को विवाह करने वाले साथियों की संख्या और कौन किससे विवाह कर सकता है, को नियंत्रित किए जाने वाले नियमों के आधार पर पहचाना जा सकता है। वैधानिक रूप से विवाह करने वाले साथियों की संख्या के संदर्भ में विवाह के दो रूप पाए जाते हैं– (1) एकविवाह (2) बहुविवाह।**<br>**दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 11 और 12 का उत्तर दीजिए।** | |
| **11** | **विवाह के विभिन्न रूपों की पहचान किस आधार पर की जाती है?**<br><br>**(क) केवल विवाह करने वाले साथियों की आयु के आधार पर।**<br>**(ख) विवाह करने वाले साथियों की संख्या तथा कौन किससे विवाह कर सकता है, इसे नियंत्रित करने वाले नियमों के आधार पर।**<br>**(ग) केवल परिवार के आकार के आधार पर।**<br>**(घ) केवल समाज की आर्थिक स्थिति के आधार पर।** | **1** |
| **12** | **निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**<br><br>**(क) विवाह के अनेक रूप होते हैं।**<br>**(ख) वैधानिक रूप से विवाह के दो रूप–एकविवाह और बहुविवाह–पाए जाते हैं।**<br>**(ग) एकविवाह प्रथा एक व्यक्ति को एक समय में एक ही साथी तक सीमित रखती है।**<br>**(घ) बहुविवाह प्रथा एक व्यक्ति को एक समय में केवल एक ही साथी तक सीमित रखती है।** | **1** |
| | **दिए गए गद्यांश को पढ़ें -**<br>**पहचान विरासत में नहीं मिलती, अपितु यह व्यक्ति तथा समाज को इनके दूसरे व्यक्तियों के साथ संबंधों से प्राप्त होती है। व्यक्ति को उसके द्वारा अदा की गई सामाजिक भूमिका ही पहचान प्रदान करती है। आधुनिक समाज में प्रत्येक व्यक्ति बहुविध भूमिकाएँ अदा करता है। उदाहरणार्थ, परिवार में व्यक्ति माता-पिता या एक बच्चा हो सकता है तथा प्रत्येक विशेष भूमिका के लिए निश्चित उत्तरदायित्व तथा शक्तियाँ होती हैं।**<br><br>**दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्न 13 और 14 का उत्तर दीजिए।** | |
| **13** | **निम्नलिखित में से पहचान के संबंध में कौन-सा कथन सही नहीं है?**<br><br>**(क) पहचान व्यक्ति को उसके सामाजिक संबंधों से प्राप्त होती है।**<br>**(ख) सामाजिक भूमिका व्यक्ति को पहचान प्रदान करती है।**<br>**(ग) आधुनिक समाज में प्रत्येक व्यक्ति केवल एक ही भूमिका निभाता है।**<br>**(घ) प्रत्येक विशेष भूमिका के लिए निश्चित उत्तरदायित्व तथा शक्तियाँ होती हैं।** | **1** |

| | | |
|---|---|---|
| 14 | **निम्नलिखित कथनों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।**<br>I. व्यक्ति को उसके द्वारा अदा की गई सामाजिक भूमिका पहचान प्रदान करती है।<br>II. पहचान व्यक्ति तथा समाज को दूसरे व्यक्तियों के साथ संबंधों से प्राप्त होती है।<br>III. आधुनिक समाज में प्रत्येक व्यक्ति बहुविध भूमिकाएँ अदा करता है।<br>IV. प्रत्येक विशेष भूमिका के लिए निश्चित उत्तरदायित्व तथा शक्तियाँ होती हैं।<br>**सही क्रम का चयन कीजिए।**<br>(क) II, I, III, IV<br>(ख) I, II, IV, III<br>(ग) III, II, I, IV<br>(घ) II, III, I, IV | 1 |
| 15 | **संस्कृति के भौतिक पक्ष के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**<br><br>**(क) इसका संबंध केवल विचारों, विश्वासों और मूल्यों से है।**<br>**(ख) इसमें औजारों, तकनीकों, यंत्रों, भवनों तथा यातायात के साधनों के उपयोग को शामिल किया जाता है।**<br>**(ग) यह केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित है।**<br>**(घ) इसका उत्पादन तथा संप्रेषण के उपकरणों से कोई संबंध नहीं है।** | 1 |
| 16 | **निम्नलिखित प्रश्न में, एक कथन "अभिकथन(A)" के रूप में दिया गया है , जिसके बाद एक दूसरा कथन "कारण (R)" के रूप में दिया गया है । नीचे दिये गए विकल्पों में से उचित उत्तर चुनें :**<br>**अभिकथन(A) : सामाजिक समूह में निरंतर अंतःक्रिया आवश्यक है।**<br>**कारण (R) : सामाजिक समूह की विशेषता दीर्घ स्थायी अंतःक्रिया का स्थिर प्रतिमान है।**<br>**(क) A और R दोनों सत्य हैं और R, A की सही व्याख्या है।**<br>**(ख) A और R दोनों सत्य हैं लेकिन R, A की सही व्याख्या नहीं है।**<br>**(ग) A सत्य है लेकिन R असत्य है।**<br>**(घ) A असत्य है और R सत्य है।** | 1 |
| | **खंड ख** | |
| 17 | **'पूंजी' से आशय ऐसी संपत्ति से है, जिसमें धन, भवन एवं मशीनें आदि शामिल हैं, जो बिक्री के लिए वस्तुओं के उत्पादन में उपयोग की जाती हैं अथवा बाज़ार में लाभ कमाने के उद्देश्य से विनियोग की जा सकती हैं।**<br>**स्पष्ट कीजिए कि पूंजी को पूंजीवादी व्यवस्था की एक प्रमुख विशेषता क्यों माना जाता है?** | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 18 | "प्राथमिक समूह लोगों के एक छोटे समूह से है जो घनिष्ठ, आमने-सामने के मेल-मिलाप और सहयोग द्वारा जुड़े होते हैं तथा प्राथमिक समूह के सदस्यों में एक-दूसरे से संबंधित होने की भावना होती है।"<br><br>क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। | 2 |
| | अथवा | |
| | "द्वितीयक समूह आकार में अपेक्षाकृत बड़े होते हैं और उनमें औपचारिक तथा अवैयक्तिक संबंध होते हैं। प्राथमिक समूह व्यक्ति उन्मुख होते हैं, जबकि द्वितीयक समूह लक्ष्य उन्मुख होते हैं।"<br><br>क्या आप इस कथन से सहमत हैं? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। | |
| 19 | "अंतर्विवाह में व्यक्ति उसी सांस्कृतिक समूह में विवाह करता है, जिसका वह पहले से ही सदस्य है, जबकि बहिर्विवाह में व्यक्ति अपने समूह से बाहर विवाह करता है।" क्या यह कथन मान्य है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। | 2 |
| 20 | इस मत के समर्थन में दो कारण दीजिए कि जब विभिन्न संस्कृतियाँ एक-दूसरे के संपर्क में आती हैं, तब नृजातिकेंद्रवाद उत्पन्न होता है। | 2 |
| 21 | "औपनिवेशिक काल में भारतीय दस्तकार बरबाद हो गए।"<br>अपने शब्दों में इस कथन का अर्थ स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| 22 | समुदाय से आप क्या समझते हैं? | 2 |
| | अथवा | |
| | अंतःसमूह एवं बाहय समूह से आप क्या समझते हैं? | |
| 23 | "लोग अपने संदर्भ समूह को अपने आदर्श की तरह देखते हैं और उनके जैसे बनना चाहते हैं।" आप इस कथन को कैसे सिद्ध करेंगे? | 2 |
| 24 | "विषय चुनते समय विद्यार्थियों को दूसरों से अनेक सुझाव मिलते हैं।"<br>यदि कोई विद्यार्थी विषय चुनते समय इन सुझावों की उपेक्षा करे, तो क्या हो सकता है? | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| 25 | "सामाजिक स्तरीकरण से तात्पर्य भौतिक या प्रतीकात्मक लाभों तक पहुँच के आधार पर समाज में समूहों के बीच की संरचनात्मक असमानताओं के अस्तित्व से है।" उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | **खंड ग** | |
| 26 | "समाज में एक अच्छी नौकरी का मूल्यांकन कई अलग-अलग पैमानों के आधार पर किया जाता है।" एक अच्छी नौकरी को परिभाषित करने वाले किन्हीं चार पैमानों का उल्लेख कीजिए। | 4 |
| 27 | "कानून सरकार द्वारा नियम या सिद्धांत के रूप में औपचारिक स्वीकृति है, जिसका पालन नागरिकों को अवश्य करना चाहिए।" इस कथन का औचित्य स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| 28 | "परिवार, नातेदारी और विवाह व्यक्तियों को व्यापक क्षेत्र में जोड़ते हैं।" उपयुक्त उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| 29 | "जाति पर आधारित स्तरीकरण व्यवस्था में व्यक्ति की स्थिति पूरी तरह जन्म द्वारा मिली हुई प्रस्थिति पर आधारित होती है।" क्या जाति व्यवस्था की यही एकमात्र विशेषता है? अपने उत्तर के समर्थन में कारण दीजिए। | 4 |
| 30 | "अनौपचारिक अर्थव्यवस्था में किए जाने वाले अधिकांश कार्य प्रायः किसी औपचारिक रोज़गार आँकड़ों में नहीं गिने जाते। "<br><br>स्पष्ट कीजिए कि अनौपचारिक अर्थव्यवस्था क्या है तथा यह औपचारिक रोजगार से किस प्रकार भिन्न है। | 4 |
| 31 | "एक आधुनिक समाज सांस्कृतिक विविधता का प्रशंसक होता है तथा बाहर से आने वाले सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाज़े बंद नहीं करता।" उपयुक्त उदाहरणों सहित इस कथन की व्याख्या कीजिए। | 4 |
| | **अथवा** | |
| | "विद्यालय एक औपचारिक संगठन है, किन्तु यह समाजीकरण का एक महत्त्वपूर्ण अभिकरण भी है।" इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | |

| | | |
|---|---|---|
| 32 | "एक आधुनिक जटिल समाज में एक व्यक्ति अपने जीवन में कई विभिन्न प्रस्थितियों को ग्रहण करता है।" इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए। | 4 |
| | **खंड घ** | |
| 33 | दिए गए गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए:<br><br>समाजशास्त्र समाज में संगठित व्यवहार को समझने का प्रयास करता रहता है। यही वह तरीका है जिससे समाज के विभिन्न पक्षों द्वारा व्यक्तित्व को आकार मिलता है, उदाहरण के लिए, आर्थिक और राजनीतिक व्यवस्था, उनका परिवार और नातेदारी संरचना, उनकी संस्कृति, मानक एवं मूल्य। यह याद करना रुचिकर होगा कि दुर्खाइम जिन्होंने आत्महत्या के अपने प्रख्यात अध्ययन में समाजशास्त्र को स्पष्ट पद्धति एवं विषय क्षेत्र में स्थापित करने की चेष्टा की, इसमें उन्होंनें उन व्यक्तियों की व्यक्तिगत उत्कंठाओं को बाहर ही रखा जिन्होंने आत्महत्या की या इसकी चेष्टा की । यह उस सांख्यिकीय आँकड़े के लिए किया गया जो उन व्यक्तियों की कई सामाजिक विशेषताओं से सरोकार रखते थे। | |
| (क) | "समाजशास्त्र केवल व्यक्तिगत क्रियाओं का अध्ययन नहीं है, बल्कि यह समाज के विभिन्न पक्षों द्वारा व्यक्तित्व को आकार देने की प्रक्रिया है।" गद्यांश के आलोक में इस कथन की व्याख्या कीजिए और दुर्खाइम के आत्महत्या के अध्ययन का उदाहरण देते हुए इसे स्पष्ट कीजिए। | 4 |
| (ख) | दुर्खाइम ने समाजशास्त्र को एक स्पष्ट पद्धति और विषय क्षेत्र के रूप में स्थापित करने के लिए अपने 'आत्महत्या के अध्ययन' में किस दृष्टिकोण को अपनाया? | 2 |
| 34 | "आधुनिक समाजों की अर्थव्यवस्था की एक सर्वाधिक महत्वपूर्ण विशेषता अत्यधिक जटिल श्रम-विभाजन है।" औद्योगीकरण के परिणामस्वरूप आधुनिक समाजों में कार्य की प्रकृति तथा कार्य के संगठन में आए परिवर्तनों की विवेचना कीजिए। | 6 |
| 35 | संस्कृति के आयामों का उल्लेख कीजिए तथा उनका वर्णन कीजिए। | 6 |